# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य / मा–द / गुण.प्र. / RKSMBK / 61186 / 2021–22 दिनांक– 02 .8.2022

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।**
**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा।**
**समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।**
**समस्त पीईईओ / यूसीईईओ।**
**समस्त संस्था प्रधान सरकारी / गैर सरकारी विद्यालय।**

**विषय–** शैक्षिक सत्र 2022–23 में विद्यार्थियों के बेसलाइन आकलन (Baseline Assessment) एवं दक्षता आधारित समूह निर्माण के संबंध में।

**प्रसंग–** इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक 24.06.2022 ।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के क्रम में RKSMBK के तहत रेमेडिएशन कार्यक्रम के प्रथम चरण में (जुलाई से सितम्बर) सत्रारम्भ के 10 दिवस के भीतर विद्यार्थियों के लर्निंग लेवल के जांच के लिए बेसलाइन ऐसेसमेंट कराया जाना है। यह बेसलाइन ऐसेसमेंट वर्कबुक्स में 10 अभ्यास वर्कशीट्स के बाद दिया गया है। बेसलाइन ऐसेसमेंट विद्यार्थियों द्वारा करवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। विद्यालयों में बेसलाइन ऐसेसमेंट की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है, उनके लिए रेमेडिएशन कार्यक्रम के सुचारू प्रारम्भन के लिये बेसलाइन आकलन एवं दक्षता आधारित समूह निर्माण हेतु समयसीमा का पुनःनिर्धारण निम्नानुसार किया जाता हैं। जिसके अनुसार–

- रेमेडिएशन कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों के लर्निंग लेवल के जांच के लिए वर्कबुक्स में 10 अभ्यास वर्कशीट्स के बाद दिया गया, बेसलाइन आकलन विद्यार्थियों द्वारा करवाना हैं।
- जिन विद्यालयों में वर्कबुक्स उपलब्ध नही हो पाई है, उनके संस्थाप्रधान, शिक्षकों को समसा पोर्टल rajsmsa.nic.in अथवा https://bit.ly/rksmbk-baseline से वर्कबुक में से बेसलाइन आकलन शीट डाउनलोड करवाकर शिक्षक को उपलब्ध कराऐंगे। जिसे शिक्षक विद्यार्थियों को बोर्ड पर लिखकर अथवा प्रिंट करवाकर विद्यालय की व्यवस्था अनुसार उपलब्ध कराए।
- विद्यार्थियों द्वारा बेसलाइन ऐसेसमेंट पूरा करने के बाद, शिक्षकों को इसकी जांच करनी चाहिए तथा विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या की गणना करनी चाहिए। प्रत्येक सही उत्तर 1 अंक का है।
- विद्यार्थी बेसलाइन ऐसेसमेंट वर्कबुक में अथवा वर्कबुक उपलब्ध न होने की स्थिति में स्वयं की नोटबुक में करेंगे।
- बेसलाइन आकलन में विद्यार्थी के प्रदर्शन का वर्कबुक में रिकार्ड संधारण किया जाना हैं तथा इसकी प्रविष्टि शाला दर्पण मॉड्यूल में दिनांक 5 अगस्त से आरम्भ जाएगी।
- इसके आधार पर शिक्षकों द्वारा विद्यार्थी समूहीकरण कर विद्यार्थी के लर्निंग लेवल पर आधारित आवश्यक सहायता प्रदान की जानी हैं।

○ बेसलाइन आकलन कक्षा 3–5 के लिए 5 अगस्त तक तथा कक्षा 6–8 तक के लिए 9 अगस्त तक पूर्ण किया जाना है। बेसलाइन ऐसेसमेंट हेतु टाइमटेबल पृथक से उल्लेखित किया गया है।

**बेसलाइन ऐसेसमेंट हेतु टाइम टेबल**

बेसलाइन ऐसेटमेंट हेतु अंतिम तारीख – कक्षा 3 से 8 के लिए : 10 अगस्त 2022
बेसलाइन एसेसमेंट हेतु शालादर्पण मॉडयूल लाइव होना – 5 अगस्त 2022 से पूर्व
बेसलाइन ऐसेसमेंट के डेटा को शाला दर्पण पर अपडेट करना – 18 अगस्त 2022

| क्र.सं | कक्षा | विषय | बेसलाइन आकलन की तिथि | समय | डेटा को शाला दर्पण पर अपडेट करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 3 | हिन्दी | 5 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | अंग्रेजी | 8 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | गणित | 10 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| 2. | 4 | हिन्दी | 5 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | अंग्रेजी | 8 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | गणित | 10 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| 3. | 5 | हिन्दी | 5 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | अंग्रेजी | 8 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | गणित | 10 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| 4. | 6 | हिन्दी | 5 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | अंग्रेजी | 8 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | गणित | 10 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| 5. | 7 | हिन्दी | 5 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | अंग्रेजी | 8 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | गणित | 10 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| 6. | 8 | हिन्दी | 5 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | अंग्रेजी | 8 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |
| | | गणित | 10 अगस्त 2022 | 9:30 AM से 10.30 AM | 18 अगस्त 2022 |

**नोटः–**जिन विद्यालयों में उक्त वर्णित अवधि में किसी भी कारणवश यदि परीक्षा नहीं हो पाती है तो वे 12 अगस्त 2022 (रिजर्व डे) को बेसलाइन असेसमेन्ट करवाना सुनिश्चित करें परन्तु इस बात का ध्यान रखा जाए कि दिनांक 12.08.2022 को आयोजित होने वाले देश भक्ति गीतों के गायन का कार्यक्रम से इसका समय पृथक हो।

**बेसलाइन आकलन डाटा प्रविष्टिः**

1. वर्कबुक्स में दिये गये बेसलाइन आकलन में विद्यार्थियों के अंकों की प्रविष्टि के लिए शाला दर्पण मॉड्यूल बनाया गया है।
2. शाला दर्पण मॉड्यूल पर बेसलाइन ऐसेसमेंट में विद्यार्थी के प्राप्तांकों के आधार पर विद्यार्थी का समूह (समूह 1 या समूह 2) स्वतः आकलित हो जाएगा।
3. शिक्षक इस डेटा का उपयोग अपनी कक्षा में निश्चित अवधि के दौरान अपनी कक्षा में समूह बनाने के लिए कर सकते हैं।
4. यह डेटा पूरी तरह से शिक्षकों को उनकी कक्षा के प्रदर्शन के बारे में जानकारी प्रदान करने और कक्षा शिक्षण में उनकी सहायता करने के लिए एकत्र किया जा रहा है। शिक्षकों से अनुरोध है कि वे डेटा को सटीक रूप से दर्ज करें।


शिक्षा

## शाला दर्पण मॉड्यूल पर बेसलाइन ऐसेसमेंट की डेटा एंट्री कैसे करें?

शिक्षक डेटा प्रविष्टि 2 तरीके से कर सकते हैं:

1. स्कूल लॉगिन के माध्यम से .
2. स्टॉफ लॉगिन के माध्यम से

## शाला दर्पण पर बेसलाइन ऐसेसमेंट मॉड्यूलः




### स्कूल लॉगिन के माध्यम से

1. विषयाध्यापक बेसलाइन असेसमेंट मॉड्यूल पर कक्षा, सेक्शन और विषय का चयन करेंगे, जिसके लिए वे डेटा प्रविष्टि करना चाहते हैं।
2. कक्षा चयन के उपरान्त कक्षा के समस्त विद्यार्थियों की सूची शिक्षक को प्रदर्शित होगी।
3. शिक्षक को प्रत्येक विद्यार्थी के प्राप्तांकों की प्रविष्टि करनी है।
4. अंक प्रविष्टि के साथ ही, विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर समूहीकृत का सुझाव दिया जाएगा।
5. जिन विद्यार्थियों का बेसलाइन असेसमेंट पूर्ण नहीं हो सका है – उनकी डेटा प्रविष्टि को खाली रखा जाना है। विद्यार्थी द्वारा बेसलाइन ऐसेसमेंट पूर्ण किए जाने के पश्चात् इसकी शाला दर्पण पर डेटा प्रविष्टि की जा सकेगी।


### स्टॉफ लॉगिन के माध्यम से

1. केवल कक्षाध्यापक स्टॉफ लॉगिन के माध्यम से अपनी कक्षा के लिए डेटा दर्ज कर सकेंगे।
2. संस्था प्रधान यह सुनिश्चित करें कि बेसलाइन ऐसेसमेंट की डेटा प्रविष्टि से पूर्व क्लास टीचर मैपिंग तथा सब्जेक्ट टीचर मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
3. पीईईओ, सीबीईओ, सीडीईओ, संभागीय संयुक्त निदेशक उक्त कार्य पूर्णता की सघन मॉनिटरिंग करेंगे।
4. कक्षाध्यापक बेसलाइन असेसमेंट मॉड्यूल पर कक्षा, सेक्शन और विषय का चयन करेंगे, जिसके लिए वे डेटा प्रविष्टि करना चाहते हैं।
5. शिक्षक को प्रत्येक विद्यार्थी के प्राप्तांकों की प्रविष्टि करनी है।
6. अंक प्रविष्टि के साथ ही, विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर समूहीकृत का सुझाव दिया जाएगा।

7. जिन विद्यार्थियों का बेसलाइन असेसमेंट पूर्ण नहीं हो सका है – उनकी डेटा प्रविष्टि को खाली रखा जाना है। विद्यार्थी द्वारा बेसलाइन ऐसेसमेंट पूर्ण किए जाने के पश्चात् इसकी शाला दर्पण पर डेटा प्रविष्टि की जा सकेगी।

**शाला दर्पण पर बेसलाइन ऐसेसमेंट की डेटा रिपोर्ट:**

1. प्रविष्ट बेसलाइन ऐसेसमेंट डेटा की रिपोर्ट स्कूल लॉगिन पर उपलब्ध होगी।
2. बेसलाइन ऐसेसमेंट डेटा की रिपोर्ट सारांश में निम्नलिखित फील्ड प्रदर्शित होंगे :
   a. – विद्यार्थी का पूरा नाम
   b. – बेसलाइन ऐसेसमेंट में विद्यार्थी के प्राप्तांक
   c. – प्राप्तांकों के आधार पर विद्यार्थी का स्वनिर्धारित समूह (समूह 1/समूह 2)
3. शिक्षक रिपोर्ट को प्रिंट कर सकते हैं और उपचारात्मक अवधि में अपनी कक्षा और समूह के छात्रों के प्रदर्शन को समझने के लिए डेटा का उपयोग कर सकते हैं।




**बेसलाइन ऐसेसमेंट की मोनेटरिंग:**

**बेसलाइन ऐसेसमेंट** – बेसलाइन ऐसेसमेंट एवं उनकी शालादर्पण पर प्रविष्टि के लिए संस्था प्रधान के प्रबोधन में विषयाध्यापक द्वारा की जाएगी। संस्था प्रधान एवं संबंधित पीईईओ प्रत्येक विद्यालय में ऐसेसमेंट की विजिट कर मोनेटरिंग करेंगे।

**बेसलाइन ऐसेसमेंट के डेटा को शाला दर्पण पर अपडेट–**

- शिक्षकों द्वारा 5 अगस्त तक कक्षा 3 से 5 का बेसलाइन आकलन व 9 अगस्त तक कक्षा 6 से 8 तक बेसलाइन आकलन किया जाकर इसकी प्रविष्टि **शाला दर्पण मॉड्यूल** पर आगामी तीन दिवस में की जानी है।
- प्रविष्टि संस्थाप्रधान द्वारा संबंधित अध्यापक से कराई जाएगी।

**बेसलाइन ऐसेसमेंट के आधार पर विद्यार्थी ग्रुपिंग :**

- वर्कबुक्स में दिया गये बेसलाइन आकलन में प्रदर्शन के आधार पर, लर्निंग लेवल के अनुसार विद्यार्थियों को दो समूहों में समूहीकृत करना है।
    1. बेसलाइन आकलन में 60% से अधिक स्कोर करने वाले विद्यार्थियों को समूह 1 में और
    2. 60% से कम स्कोर करने वाले विद्यार्थियों को समूह 2 में समूहीकृत किया जाना है।
- संस्था प्रधान सत्र बीतने के साथ विद्यार्थी की प्रगति को देखकर विद्यार्थी समूह को स्वयं के स्तर पर परिवर्तित करने के लिए अधिकृत रहेंगे।
- समूहीकरण में संस्था प्रधान द्वारा यह आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाएगा कि विद्यार्थी में हीन भावना नहीं आए। कोई शिकायत प्राप्त होने पर संस्था प्रधान द्वारा उसका त्वरित निवारण किया जाएगा।
- समूह का निर्धारण बेसलाइन ऐसेसमेंट की शालादर्पण पर प्रविष्टि के आधार पर स्वतः आकलित हो जाएगा। संस्था प्रधान विद्यार्थी की प्रगति के आधार पर विद्यार्थी समूह को बदलने के लिए अधिकृत रहेंगे।
- समूहीकरण का अधार किसी भी विद्यार्थी के ज्ञान का आकलन करना नहीं है। अतः संवेदनशीलता रखते हुए विद्यार्थी के लिए सीखे जाने वाली दक्षतओं का ध्यान में रखते हुए उक्त ग्रुप बनाने है।
- यह विशेषतः ध्यान में रखा जाना है कि लर्निंग गेप्स की क्षतिपूर्ति के लिए कक्षाओं में कक्षा स्तर से न्यून स्तर के विद्यार्थियों के समूह बनाए जाने पर इस बात का पूरा ध्यान रखा जाए कि कोई भी विद्यार्थी हीनता से ग्रसित न होवें।

बेसलाइन ऐसेटमेंट एवं दक्षता आधारित समूह निर्माण की सघन मोनिटरिंग उपर्युक्त निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यालय (JD/CDEO/ DEO/CBEO) तथा विद्यालयों के संस्था प्रधानों को करनी है तथा पत्र में प्रदत्त निर्देशों के अनुरूप विद्यालयों में बेसलाइन ऐसेटमेंट एवं दक्षता आधारित समूह निर्माण समयबद्ध शिक्षण प्रारम्भ करवाना है।

(गौरव अग्रवाल)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. विशिष्ट सहायक, शिक्षामंत्री (प्रारम्भिक तथा माध्यमिक),संस्कृत शिक्षा,कला साहित्य,संस्कृति तथा ए.एस.आई राजस्थान सरकार, जयपुर।
02. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
03. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारं. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
04. आयुक्त तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
05. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
06. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर ।
07. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, NIC, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि उपरोक्तानुसार आवश्यक मॉड्यूल निर्माण तथा लाइव करवाना सुनिश्चित करें।
08. संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा –समस्त।
09. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।

10. मैनेजर, गुरू नानक भवन संस्थान, जयपुर।
11. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
12. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
13. रक्षित पत्रावली।

नोडल RKSMBK
स्टॉफ आफिसर(निजी)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान